# हिमाचल प्रदेश के 6 प्रशिक्षणार्थियों ने 5 विविध व्यवसायों में देश के टॉप-3 में अपने नाम दर्ज कराए

प्रदेश में निजी/राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2020-22 एवं 2021-22 में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों की अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा गत माह अगस्त में ली गई थी, का परीक्षा परिणाम भारत सरकार, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, प्रशिक्षण महा-निदेशालय, नई दिल्ली ने घोषित कर दिया है।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शमशी की मुस्कान ने सरफेस ऑर्नामेंटेशन टेक्निश (एंब्रॉयडरी) व्यवसाय में व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के साहिल कुमार ने पंप ऑपरेटर सह-मैकेनिक व्यवसाय में पहला स्थान हासिल किया । जबकि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल के कंचन बुशहरी ने पंप ऑपरेटर सह-मैकेनिक व्यवसाय में, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (निःशक्त व्यक्तियों) सुंदरनगर के अनिश कपूर ने कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग सहायक (वी.आई.) व्यवसाय में तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छत्तरी के भारत भूषण ने सोलर तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल) व्यवसाय में स्टेट ऑफ द आर्ट दूसरे स्थान पर रहे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के मनीष कुमार ने आशुलिपिक एवं सचिवीय सहायक (हिंदी) व्यवसाय में तीसरा स्थान हासिल किया ।

इस परीक्षा में प्रदेश के करीब 30 हजार प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया था। प्रैक्टिकल एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग विषयों के अतरिक्त अन्य विषयों की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षण के जरिए ली गई थी तथा प्रदेश में करीब 37 सेंटर बनाए थे।

प्रदेश में 60 विविध व्यवसायों में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अगस्त में हुई परीक्षा में प्रदेश के छः प्रशिक्षणार्थियों ने 5 विविध व्यवसायों में देश के टॉप-3 में अपने नाम दर्ज कराए हैं। परीक्षा का परिणाम 94.5 प्रतिशत रहा है।

**News Clips:-**

# अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में देश में टॉप तीन पर प्रदेश के आईटीआई प्रशिक्षु

## भारत सरकार कौशल विकास मंत्रालय ने अगस्त में ली परीक्षा का परिणाम किया घोषित

संवाद न्यूज एजेंसी

**मंडी।** अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में हिमाचल के छह प्रशिक्षु देशभर में टॉप तीन स्थानों में नाम दर्ज करवाने में सफल हुए हैं। प्रदेश के इन छह आईटीआई प्रशिक्षुओं ने पांच विभिन्न व्यवसायों में देशभर में प्रदेश का डंका बजाया है।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रदेश में निजी और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2020-22 एवं 2021-22 में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों की अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा अगस्त में ली गई थी। इसका परीक्षा परिणाम भारत सरकार कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय प्रशिक्षण महा निदेशालय नई दिल्ली ने



घोषित कर दिया है। पहले तीन स्थानों पर बाजी मारने वाले छह प्रशिक्षुओं में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शमशी की मुस्कान और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के साहिल कुमार ने पहला स्थान हासिल किया है। दूसरा स्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल की कंचन बुशहरी और राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सुंदरनगर के अनिश कपूर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छत्तरी के भारत भूषण ने प्राप्त किया है। तीसरा स्थान राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के मनीष कुमार ने स्थान हासिल किया है। बता दें कि इस परीक्षा में प्रदेश के करीब 30 हजार प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया था। प्रैक्टिकल एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों की परीक्षा कंप्यूटर आधारित परीक्षण के जरिये ली गई थी तथा प्रदेश में करीब 37 सेंटर बनाए थे।

तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल ने बताया कि प्रदेश में 60 विविध व्यवसायों में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अगस्त में हुई परीक्षा में प्रदेश के छह प्रशिक्षणार्थियों ने पांच त्रिविध व्यवसायों में देश के टॉप तीन में अपने नाम दर्ज कराए हैं। परीक्षा परिणाम 94.5 प्रतिशत रहा है। तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा ने भी शुभकामनाएं दी हैं।

# प्रदेश के 6 प्रशिक्षणार्थियों ने देश के टॉप-3 में दर्ज करवाए नाम

## अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा का परिणाम घोषित

सुंदरनगर, 14 सितम्बर (सोनी): प्रदेश में निजी व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2020-22 एवं 2021-22 में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों की अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा का परिणाम भारत सरकार कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय प्रशिक्षण महानिदेशालय नई दिल्ली ने घोषित कर दिया है।

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा निदेशक विवेक चंदेल ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शमशी की मुस्कान ने सरफेस ऑर्नामैंटेशन टैक्निश (एम्ब्रायडरी) व्यवसाय में व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर के साहिल कुमार ने पंप आप्रेटर सह मैकेनिक व्यवसाय में पहला स्थान हासिल किया है।

इसके अलावा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जुब्बल के कंचन बुशहरी ने पंप आप्रेटर सह मैकेनिक व्यवसाय में, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (नि:शक्त व्यक्तियों) सुंदरनगर के अनिश कपूर ने कम्प्यूटर आप्रेटर एंड प्रोग्रामिंग सहायक (वी.आई.) व्यवसाय में तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छत्तरी के भारत भूषण सोलर तकनीशियन (इलैक्ट्रिकल) व्यवसाय में स्टेट ऑफ द आर्ट दूसरे स्थान पर रहे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिलासपुर के मनीष कुमार ने आशुलिपिक एवं सचिवीय सहायक (हिंदी) व्यवसाय में तीसरा स्थान हासिल किया है। बता दें कि इस परीक्षा में प्रदेश के करीब 30 हजार प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया था।

प्रैक्टीकल एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग विषयों के अतिरिक्त अन्य विषयों की परीक्षा कम्प्यूटर आधारित परीक्षण के जरिए ली गई थी तथा प्रदेश में करीब 37 सैंटर बनाए थे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 60 विविध व्यवसायों में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अगस्त में हुई परीक्षा में प्रदेश के 6 प्रशिक्षणार्थियों ने 5 विविध व्यवसायों में देश के टॉप-3 में अपने नाम दर्ज कराए हैं। परीक्षा का परिणाम 94.5 प्रतिशत रहा है।